# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# PSYCHOLOGY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

   Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

   *(a)* रोर्शाक की प्रतिक्रियाओं की व्याख्या के लिए चिकित्सक कौन-सी मुख्य विशेषताओं का उपयोग करते हैं?

   What are the major features do clinicians use to interpret Rorschach responses?

   *(b)* पूर्व ज्ञान स्मृति के संकेतन को कैसे आकार देता है?

   How does prior knowledge shape encoding in memory?

   *(c)* संवेग के शारीरिक और संज्ञानात्मक घटकों का वर्णन कीजिए।

   Describe physiological and cognitive components of emotions.

   *(d)* कारण बताइए कि पुरस्कार कैसे विपरीत असर कर सकता है और व्यवहार के लिए आशाजनक परिणाम नहीं देता।

   Discuss the reasons why rewards may backfire and not produce their intended results for behaviour.

   *(e)* भारतीय परिस्थिति में मूल्यों में वृद्धि के लिए कुछ रणनीतियों का सुझाव दीजिए।

   Suggest some strategies for fostering values in Indian settings.

2. *(a)* मनोविज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्या भूमिका है? विभिन्न मनोवैज्ञानिक असामान्यताओं को पहचानने में एक मध्यवर्तन (इन्टरवेन्शन) के रूप में इसको कैसे लागू किया जा सकता है?

   What is the role of artificial intelligence in psychology? How can it be applied as an intervention in identifying different psychological abnormalities? 20

   www.mpscmaterial.com

   *(b)* आत्म-स्मृति और स्व-निर्देशित अधिगम में अन्तर बताइए। अपने जवाब को उपयुक्त उदाहरणों से विस्तृत कीजिए।

   Differentiate between metamemory and self-instructional learning. Elaborate your answer with suitable examples. 15

   *(c)* आइटम रिस्पोन्स सिद्धान्त (थियोरी) के विकास के अग्रगामियों को परिभाषित कीजिए। अभिक्षमता के उन्नत मापन में यह किस तरह से मददगार होगा?

   Define the precursors of the development of item response theory. In what ways will it help in the advancement of the area of aptitude testing? 15

3. *(a)* खोजपूर्ण कारक विश्लेषण और प्रमाणित कारक विश्लेषण में अन्तर बताइए। परीक्षण निर्माण में इनका क्या महत्त्व है? अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों द्वारा विस्तृत कीजिए।

   Differentiate between exploratory and confirmatory factor analysis. What is their significance in test construction? Elaborate your answer with suitable examples. 20



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

*(b)* मानव व्यवहार को परिभाषित करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण पाँच दृष्टिकोणों की व्याख्या कीजिए।
Explain five most important perspectives to define human behaviour. 15

*(c)* स्मृति के त्रि-स्तर मॉडल का कार्य-स्मृति पर विशेष रूप से जोर देते हुए विवरण दीजिए।
Describe 3-stage model of memory with special emphasis on working memory. 15

**4.** *(a)* क्रिकेट खेलते हुए टीम 'ए' और टीम 'बी' में झगड़ा हो गया। 'वास्तविक समूह संघर्ष सिद्धान्त' के सन्दर्भ में इसका विवरण दीजिए। संघर्ष समाधान की रणनीतियों को इस्तेमाल कर कैसे ऐसे झगड़े नियन्त्रित किये जा सकते हैं?
While playing cricket, Team–A got into fight with Team–B. Discuss it in the context of 'realistic group conflict theory'. How can conflict resolution strategies be used to manage and control such fights? 20

*(b)* प्रयोगात्मक डिजाइन और अर्ध (क्वासि)-प्रयोगात्मक डिजाइन कैसे भिन्न हैं? अर्ध-प्रयोगात्मक डिजाइन के विभिन्न प्रकारों का टाइम सीरीज डिजाइन को विशेष रूप से महत्त्व देते हुए विवरण दीजिए।
How is quasi-experimental design different from experimental design? Describe different forms of quasi-experimental design with special emphasis on time series design. 15

*(c)* ''किसी भी तरह का अधिगम उपयुक्त सम्बन्ध और प्रबलन की सहायता से होता है।'' संज्ञानवादी, गेस्टाल्टवादी और विकासवादी मनोवैज्ञानिक इस कथन से कितना सहमत हैं, आलोचनात्मक जाँच कीजिए।
"Any sort of learning takes place with the help of suitable associations and reinforcement." Critically examine that how much cognitivists, Gestaltists and evolutionary psychologists agree with the statement. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* एक मनोवैज्ञानिक कोविड-19 के दौरान समाज में कैसे योगदान दे सकता है?
How can a psychologist contribute to the society during COVID-19?

*(b)* मस्तिष्क लचीलापन (प्लास्टिसिटी) और इसको प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।
Describe brain plasticity and factors affecting on it.

*(c)* असरदार संचार प्रशिक्षण में शामिल उपायों (स्टेप्स) का विवरण दीजिए।
Discuss the steps involved in effective communication training.

*(d)* बुद्धिमत्ता को परिवार और स्कूल का वातावरण कितना योगदान देता है?
How much do family and school environment contribute to intelligence?

*(e)* छः मुख्य संवेगों की व्याख्या कीजिए, जिनकी चेहरे की प्रतिक्रियाओं द्वारा पहचान की जा सकती है।
Explain six primary emotions that can be identified from facial expressions.



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

6\. *(a)* इरीक्शन के मनोसामाजिक और फ्रायड के मनोलैंगिक सिद्धान्तों के बीच अन्तर बताइए। मनोसामाजिक सिद्धान्त में हर अवस्था से सम्बन्धित विभिन्न गुणों की भी व्याख्या कीजिए।

Differentiate between Erikson's psychosocial and Freudian psychosexual theories. Also explain different virtues attached to each stage of psychosocial theory. 20

*(b)* समाश्रयण विश्लेषण (रिग्रेशन ऐनालिसिस) के विभिन्न अनुमान और इसको क्रियान्वित करने के तरीकों की व्याख्या कीजिए। मानकीकृत और अमानकीकृत बीटा गुणांकों की भी तुलना उपयुक्त उदाहरण देकर कीजिए।

Explain the various assumptions and ways of performing regression analysis. Also compare standardized and unstandardized beta coefficients with suitable examples. 15

*(c)* दमन (रिप्रेशन), विस्मरण की एक प्रेरित प्रक्रिया है, जो हमारी चिन्ता बढ़ाने वाली स्मृति से रक्षा करती है। विभाजित (डिसोसियेटिव) स्मृति-लोप (ऐम्नेसिया) में इसकी भूमिका की व्याख्या कीजिए।

Repression is a motivated forgetting process that protects us by inhibiting anxiety-arousing memories. Explain its role in dissociative amnesia. 15

7\. *(a)* व्यक्तित्व के मूल्यांकन की विभिन्न तकनीकों का वर्णन कीजिए और इनके गुणों तथा इनकी कमियों पर भी प्रकाश डालिए।

Describe different personality assessment techniques and also highlight their strengths and weaknesses. 20

*(b)* उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक, तन्त्रिक और संज्ञानात्मक बदलाव कैसे सम्बन्धित हैं? व्याख्या कीजिए।

How are physiological, neural and cognitive changes associated with ageing? Explain. 15

*(c)* ग्राउन्डिड सिद्धान्त दृष्टिकोण कैसे आम आदमी की खुशी की परिभाषा का पता लगाने में मदद कर सकता है?

How can grounded theory approach help to explore layperson's definition of happiness? 15

www.mpscmaterial.com

8\. *(a)* अभिवृत्ति के विभिन्न रेटिंग स्केलों का विस्तृत वर्णन कीजिए। लिकर्ट स्केल द्वारा कक्षा के विद्यार्थियों में अन्तर्समूह पूर्वाग्रह का मापन हम कैसे कर सकते हैं और नैतिक शिक्षा द्वारा उनके व्यवहार में कैसे सुधार किया जा सकता है?

Discuss in detail about different attitude rating scales. How can we measure intergroup prejudice among students in the class using Likert scale and how can their behaviour be rectified through moral education? 20

*(b)* समस्या समाधान को सुगम करने वाले और इसमें रुकावट बनने वाले कारकों का विस्तृत वर्णन कीजिए। उपयुक्त उदाहरण देते हुए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

Give details of facilitating and hindering factors in problem solving. Answer the question by citing suitable example. 15

*(c)* भाषा के विभिन्न नियम कौन-से हैं? 'आलोचनात्मक अवस्था परिकल्पना' का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

What are the different rules of language? Critically analyze 'critical period hypothesis'. 15

★ ★ ★



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial